बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (बेली रोड), बिहार, पटना-800015

दूरभाष सं०:- 0612-2217956
फैक्स- 0612-2215611 / 2215978
ई-मेल:- ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 07 मई, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 07.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत तीसरे चरण के लिए पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा, अररिया एवं खगड़िया) में शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न हुआ।

इसके अतिरिक्त आज दिनांक 07.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के छठे चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज–अ0जा0, सिवान तथा महाराजगंज) मे स्क्रूटनी की तिथि नियत थी। प्राप्त सूचनानुसार वाल्मीकिनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल अठारह (18) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद दस (10) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। पश्चिम चम्पारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल ग्यारह (11) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद आठ (08) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। पूर्वी चम्पारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल अठारह (18) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद तेरह (13) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। शिवहर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल सत्रह (17) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद तेरह (13) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। वैशाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल तीस (30) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद पन्द्रह (15) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। गोपालगंज–अ0जा0 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल ग्यारह (11) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद तमाम ग्यारह (11) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। सिवान लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल बीस (20) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद तेरह (13) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। महाराजगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल उन्नीस (19) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद छः (06) अभ्यर्थी चुनाव में हैं।

ज्ञातव्य है कि आज दिनांक 07.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत सातवें चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम–अ0जा0, काराकाट तथा जहानाबाद) में चुनाव हेतु अधिसूचना निर्गत होने के साथ ही नामनिर्देशन का प्रथम दिन था। जिसकी वस्तुस्थिति निम्नवत् है

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
नालंदा	01	कौशलेंद्र कुमार	जनता दल (युनायटेड)	02
	02	सुरेन्द्र सिंह	निर्दलीय	
पटना साहिब	01	शून्य		00
पाटलिपुत्र	01	कुणाल कुमार	हमारा सहारा पार्टी	01
आरा	01	राज कुमार सिंह	भारतीय जनता पार्टी	03
	02	मनमोहन सिंह	राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य)	
	03	सुमित्रा देवी	जागरूक जनता पार्टी	
बक्सर	01	आनन्द मिश्र	निर्दलीय	03

	02	ददन यादव	निर्दलीय	
	03	निरंजन कुमार राय	निर्दलीय	
सासाराम–अ0जा0	01	शून्य		00
काराकाट	01	बिनोद प्रसाद चौधरी	निर्दलीय	01
जहानाबाद	01	उमा शंकर वर्मा	सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)	05
	02	मीन्ता देवी	निर्दलीय	
	03	संजय यादव	निर्दलीय	
	04	आशुतोष कुमार	राष्ट्रीय जन जन पार्टी	
	05	मंजय कुमार	किसान संघर्ष समिति	

विदित हो कि अगिऑव (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप चुनाव लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के सातवें चरण के साथ ही निर्धारित है। अतएव वहाँ भी नामनिर्देशन का प्रथम दिन था लेकिन किसी अभ्यर्थी ने आज नामांकन दाखिल नहीं किया है।

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के तहत भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में दस (10) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), बेगूसराय पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) सारण जिलांतर्गत एक (01) एवं सहरसा जिलांतर्गत तीन (03)। इस संदर्भ में नौ (09) एफआईआर दर्ज हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 06.05.2024 को कुल **₹14.28180**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–21109.36(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹45.99089**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹4.60000**(लाख) रूपये मूल्य के 10004.50(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹63.64565**(लाख) रूपये मूल्य की 47752.15 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹128.51834**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।